### एक नजर में

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक 14 मई को

सिवनी। नगरपालिका परिषद सिवनी की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 14 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट परिसर सिवनी में संपन्न होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा जारी सूचना के अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा तथा अंतिम प्रकाशन 18 जून 2026 को प्रस्तावित है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं मतदाता सूची को अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम, दावा-आपत्ति सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## डॉ. रश्मि नेमा त्रिशक्ति मातृ गौरव अलंकरण से सम्मानित



छिंदवाड़ा। मातृ दिवस के पावन अवसर पर त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की प्रेरणास्रोत महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा गर्भवती माताओं के लिए गर्भोत्सव पुंसवन संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि नेमा को त्रिशक्ति मातृ गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10 मई 2026, रविवार को सायं 4:00 बजे गायत्री शक्ति पीठ, मधुवन कॉलोनी छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के संदेश के साथ समाज में सकारात्मक संस्कारों का संचार करना रहा। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच द्वारा समाजहित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मातृ दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं के लिए पुंसवन संस्कार कराया गया, जिससे गर्भस्थ शिशु के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहन मिले। डॉ रश्मि नेमा ने बताया कि भारतीय संस्कृति के 16 संस्कारों में पुंसवन संस्कार का विशेष महत्व है। इसमें गर्भधारण से पूर्व एवं गर्भावस्था के दौरान आहार-विहार, मानसिक स्थिति, तिथि एवं दिनचर्या का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी जाती है, जिससे स्वस्थ एवं संस्कारित संतति का निर्माण हो सके। योग एवं गर्भसंस्कार के माध्यम से गर्भ में ही बच्चे के समग्र विकास पर बल दिया गया। इस आयोजन में श्रीमती शरद मिश्रा के मार्गदर्शन में समाज की कई मातृ शक्तियों ने भाग लिया। साथ ही उन महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समाज को नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# किसानों की समस्याओं पर फोकस

### प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण





**सिवनी नवभारत। प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने मंगलवार को लखनादौन विकासखण्ड अंतर्गत मकझिर स्थित मां शारदा वेयर हाउस तथा मोहगांव स्थित शिवहरे वेयर हाउस में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों की स्लॉट बुकिंग, अब तक की गई गेहूं खरीदी, तौल व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता, परिवहन एवं भंडारण सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उपार्जन कार्य की स्थिति जानी तथा किसानों की सुविधा पर विशेष फोकस करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने निर्देशित किया कि किसानों को उपार्जन केंद्रों में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उपार्जन कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित किया जाए।

उन्होंने उपार्जन उपरांत स्कंध के शीघ्र उठाव एवं वेयर हाउस में सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम लखनादौन सहित अन्य संबंधित अधिकारी, उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं वेयर हाउस प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रभारी कलेक्टर सिवनी के रूप में राठौर ने पदभार ग्रहण किया



**सिवनी नवभारत।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 बेंच के अधिकारी एवं कार्यकारी संचालक मध्?यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर श्री अनिल कुमार राठौर ने मंगलवार को प्रभारी कलेक्टर सिवनी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अपर कलेक्टर सीएल चनाप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देशमुख सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जिले की कानून व्यवस्था, उपार्जन, जनगणना सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के 11 मई से 05 जून तक मिड करियर ट्रेनिंग में शामिल होने के कारण प्रशिक्षण अवधि के लिए श्री राठौर को कलेक्टर सिवनी का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।



## कम्प्यूटर की दी बेसिक जानकारी, हेल्पलाईन नंबरों से कराया जागरूक

**हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत डिजिटल कौशल संवर्धन कार्यशाला संपन्न**

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर सिवनी नेहा मीना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी के मार्गदर्शन में, प्रशासक सुश्री ईशा वाल्मीक के निर्देशानुसार हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं सशक्तिकरण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र कमकासुर में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए डिजिटल कौशल संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान चंद्रकांता भलावी, सुपरवाइजर वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112, 181, 100 एवं 1098 तथा आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई।

वहीं नारायणी सक्सेना, सेंटर एडमिन वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका एवं एएनएम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## जैतपुर कला में बिजली समस्या

**सिवनी नवभारत।** जिले के लखनवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जैतपुर कला में बिजली की समस्याओं से ग्रामीण लोग बहुत परेशान है इसी तरह आसपास के किसानो को भी बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं ,सबसे पहले तो गांव में खेत खलियान में सड़क के किनारे में बिजली के खंबो में तार लटक रहे हैं तथा झूलकर नीचे आ गए हैं जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है दूसरी समस्या किसानों को नियमित रूप से 10 घंटा बिजली नहीं मिल रही है जिससे किसानों की मूंग की फैसले खेतों में सूख रही है तीसरा रोज-रोज बिजली न आने से पीने के पानी में भी अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष काम डीडी वासनिक सहित पुनाराम कुमरे, गेंदलाल भलावी भूलन सिंह इनवाती अंगद सिंह बघेल महेश पटेल पवन सनोदिया राजेंद्र चौधरी डॉ बी सी ओके राहुल कुमार यीशु प्रकाश आदि ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम जैतपुर कला के ग्रामीण भाइयों और किसानों की समस्याओं को शीघ्र अति शीघ्र हल करने का कष्ट करें अन्यथा निकट भविष्य में ग्रामीण कृषक अपनी समस्याओं को लेकर विद्युत सब स्टेशन मुगवानी का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।

## उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रहे स्मार्ट मीटर : कलीमुद्दीन



**सिवनी नवभारत।** एआईएमआईएम जिला सदस्यता प्रभारी हाफ़िज़ कलीमुद्दीन उर्फ़(कलीम मौलाना) ने प्रदेश एवं देशभर में लगाए जा रहे प्रीपेड और पोस्टपेड स्मार्ट मीटरों को आम उपभोक्ताओं की जेब पर खुला डाका बताया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और सुविधा के नाम पर जनता को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल, जबरन कटौती, तकनीकी खराबी और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलीम मौलाना ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की मर्जी के बिना उनकी जेब से रुपये निकाल रहे हैं। बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता को प्रीपेड व्यवस्था में बदलकर गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक संकट में धकेला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बिना उपभोक्ताओं की सहमति के पुराने मीटर हटाकर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विरोध करने पर लोगों को डराया-धमकाया जाता है तथा शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं होती। उनके अनुसार स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने बिजली विभाग की अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।

ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधते हुए कलीम मौलाना ने कहा कि जनता को केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन अब लोग स्मार्ट मीटरों की वास्तविकता समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था का भांडा फूट चुका है और अब लीपा-पोती से काम नहीं चलेगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटरों को पूरी तरह हटाया जाना चाहिए तथा उनकी जगह पुराने पारंपरिक पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाए जाने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके । अंत में कलीमुद्दीन मौलाना ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द जनहित में निर्णय नहीं लिया। एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली ख़ान साहब से मुलाक़ात करके (कलीमुद्दीन मौलाना ) प्रदेश एवं देशभर में व्यापक स्तर पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** बरघाट थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया 30 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जप्त किए हैं। कुल जप्त मशरूका की कीमत करीब 73 हजार 900 रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में बरघाट पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार 11 मई को म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बरघाट के कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र कुमार ठाकरे ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम मंडी छुई टोला में स्थापित 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर करीब 100 लीटर ऑयल चोरी कर ले गए हैं। मामले में थाना बरघाट में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तेल निकालते समय वह फट गया था, जिससे अधिकांश तेल मौके पर ही बह गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में नीतेश राउत निवासी मोहगांव जिला बालाघाट, महेन्द्र कुपाले एवं धर्मेन्द्र सहारे निवासी ग्राम बरहोली थाना बरघाट शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि रामअवतार डेहरिया, प्रधान आरक्षक बिहारीलाल धुर्वे, आरक्षक अनिल मर्सकोले और आशीष कुडोपे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विभिन्न विकास कार्यों का आज होगा भव्य शिलान्यास

**छपारा नवभारत।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरंचना योजना के अंतर्गत नगर परिषद छपारा में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास समारोह 13 मई 2026, बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6:00 बजे बैनगंगा तट स्थित गोल्डन टेम्पल घाट पर होगा।

### इनकी रहेगी उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद, लोकसभा क्षेत्र सिवनी-मंडला), रजनीश हरवंश सिंह (विधायक, केवलारी) और श्रीमती मीना बिसेन (जिला अध्यक्ष, भाजपा) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश राय मुनमुन (विधायक, सिवनी) द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जनभागीदारी की अपील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सनातन धर्म सभा, हनुमान सेवा समिति, माँ बैनगंगा महाआरती समिति और गोल्डन टेम्पल धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने और कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रमुख विकास कार्यों की सौगात

इस योजना के तहत नगर के विकास के लिए छह महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला रखी जाएगी-

गोल्डन टेम्पल घाट पर स्नान घाट और रेस्ट हाउस का निर्माण।

बैनगंगा तट रेस्ट हाउस के पास शेड, सभा मंच एवं सौंदर्यीकरण कार्य।

सामुदायिक भवन से शिव मंदिर मार्ग पर प्रोटेक्शन वॉल एवं सी.सी. रोड निर्माण।

राम मंदिर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य।

वार्ड नं. 3 बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं समतलीकरण।

अपर बैनगंगा कॉलोनी स्थित इंडोर स्टेडियम में बाउंड्रीवाल एवं अन्य अतिरिक्त कार्य।

## सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिवनी नवभारत।** परियोजना संचालक आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिवनी के तत्वावधान में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा योजनांतर्गत विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा समिति सिवनी द्वारा बतया गया कि कृषि, मत्स्य, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं उद्यानिकी संकायों में वर्ष 2025-26 की रबी एवं खरीफ फसलों के दौरान कृषकों द्वारा अपनाई गई उन्नत तकनीक, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर पुरस्कार हेतु चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड से अलग-अलग संकायों में चयनित पांच कृषकों को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के तहत विभिन्न संकायों में चयनित 10 कृषकों को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन करने के लिए अपने संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर आत्मा, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग अथवा कृषि अभियांत्रिकी विभाग से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। कृषक विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में आवेदन पत्र भरकर 30 जून 2026 तक जमा कर सकेंगे। संबंधित विभागों के माध्यम से प्राप्त आवेदन जिला स्तर पर चयन हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर चयनित कृषकों को 26 जनवरी 2027 को सम्मानित किया जाएगा।

## पत्नी के बाद अब पति की भी हुई उपचार के दौरान मौत

**30 अप्रैल को नरवाई की आग और आंधी में बाइक से घर लौटने के दौरान बुरी तरह झुलस गए थे**

**छपारा नवभारत।** एक हृदयविदारक घटना जिससे क्षेत्र में शौक व्याप्त हो गया दरअसल कुछ ऐसा हुआ कि जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है एक शादी समारोह ग्राम चमनपुरी और देवरी माल भीमगढ क्षेत्र से घर लौट रहे बाइक पर सवार पति-पत्नी ग्राम बर्रा निवासी यतेन्द्र नागले, जयश्री नागले और उनके दो बच्चे 30 अप्रैल को शाम लगभग 6 बजे दोनों ग्राम के बीच क्षेत्र में लगाई गई नरवाई की आग और आंधीं से बाइक अनियंत्रित हो गई और पति को आग की लपट में घिरे देख पत्नी जयश्री नागले ने बचाने का प्रयास किया वहीं इस दौरान वह खुद भी आग की लपटों में घिर गई और दोनों पति-पत्नी बुरी तरह झुलस गए वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बच्चों को सुरक्षित वहां से बचा लिया दंपति को पहले जिला चिकित्सालय सिवनी से गंभीर हालत में नागपुर मेडिकल भर्ती कराया गया जहां 1 मई को श्रीमती जयश्री नागले ने उपचार के दौरान दम तोड दिया वहीं 11 दिन संघर्ष करने के बाद यतेन्द्र नागले जिन्हें दो दिन पहले नागपुर मेडिकल से जिला चिकित्सालय सिवनी लाया गया वहां उपचार के दौरान 11 मई की रात्रि लगभग 10:30 बजे दुखद मौत हो गई जहां अचानक आई मुसीबत ने दोनों बच्चों से माता-पिता का साया छूटा दिया वहीं परिवार के उपर दुख की असहनीय पीडा आन पड़ी समूचे ग्राम सहित क्षेत्र में शौक का माहौल है वहीं छपारा सांदीपनि विद्यालय में अतिथि शिक्षक शिक्षिका के पद पर कार्यरत यतेन्द्र नागले एवं श्रीमती जयश्री नागले के अचानक घटना में चले जाने से समूचे शिक्षक वर्ग को भी अत्यंत खल रहा है वहीं दूसरी ओर उक्त घटना को लेकर क्या कुछ कार्यवाही हुई है यह नहीं इसकी किसी तरह की जानकारी नहीं मिली है वहीं क्षेत्र वासियों द्वारा जिला प्रशासन से अपील की जा रही है कि उक्त घटना की उचित जांच और कार्यवाही सहित परिवार को सहायता दी जाए क्योंकि मृतक दंपति के दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं जिनके भविष्य को लेकर भी सवाल है।

**जनसुनवाई** | शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, खाद्यान्न पर्ची एवं आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 270 आवेदन प्राप्त, निराकरण के दिए निर्देश



**सिवनी नवभारत।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 270 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड नंबर 10 निवासी प्रदीप कुमार भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत पेंशन राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी निवासी रीतू कटरे द्वारा आवासीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत सुभाष वार्ड निवासी पुष्पा अहिरवार द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, लखनादौन निवासी दादूराम गोल्हानी द्वारा अभिलेख दुरूस्त कराये जाने विषयक, ग्राम धूमा लखनादौन निवासी मोहन उइके द्वारा जीवन दान हेतु अनुदान राशि दिलाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम घूरवाडा निवासी रिंकू तिवारी द्वारा दिव्यांगजन हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराये जाने विषयक, ग्राम नांगदहार लखनादौन निवासी सनसवती डहेरिया द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर निवासी हरिराम सोनी द्वारा राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम बिछुआ निवासी परसराम डहेरिया द्वारा अनु.जाति जनजाति राहत राशि योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम भेडा निवासी सीता राम एवं अन्य द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम ब्रुकगंज निवासी देवलासिंह एवं अन्य द्वारा ग्राम में नवीन पुल निर्माण एवं सडक निर्माण कार्य कराये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मुंडापार निवासी रविशंकर तुरकर एवं अन्य द्वारा फार्मर आई डी पोर्टल चालू कराये जाने विषयक आवेदन दिया।

वहीं बारापत्थर सिवनी निवासी राजकुमारी जंघेला द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम सुनवारा निवासी सदिया बाई द्वारा निराश्रित पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम चमारीकला निवासी गुरूदयाल द्वारा पोर्टल में गेंहू दर्ज कराये जाने विषयक, ग्राम दुकली सिवनी निवासी गरीबा जंघेला द्वारा रास्?ता दिलाये जाने विषयक, बरघाट निवासी महेंद्र सोनी द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, अयोध्यानगर सिवनी निवासी शशांक सोनकेशरिया द्वारा नलकूप की सफाई कराये जाने विषयक, ग्राम जाम सिवनी निवासी मोहित साहू द्वारा मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा की छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, केवलारी निवासी राधेश्याम परधान द्वारा भूमि में नाम सुधार किये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा सिवनी निवासी माया बरमैया द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम कामता सिवनी निवासी सूरज लाल तेकाम द्वारा बोर कराये जाने की परमिशन दिलाये जाने विषयक सहित कुल 270 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

## पट प्रतियोगिताएं मिट्टी की महक से जुड़ी : विधायक दिनेश राय



**सिवनी नवभारत।** 10 और 11 मई को दो दिवसीय विशाल बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत लुड़गी अंतर्गत ग्राम अंधियारी बंजर में विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया। पट प्रतियोगिता के इस आयोजन में क्षेत्र की एक दर्जन बैल जोड़ी ने प्रतियोगिता में भाग लिया दो दिन तक चले इस पट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए बिहिरिया के अज़ीम पटेल ने जीता, इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रूपए यस ऐड ग्राम सुकतरा को दिया गया, इसके साथ ही तीसरा पुरस्कार 18 हजार रुपये भी अज़ीम पटेल ने जीता। वहीं इस प्रतियोगिता में 12 बेल जोड़ियो ने हिस्सा लिया था जिसमें आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राजेश भारती सरपंच ने बताया कि समिति ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बेल जोड़ियों को इनाम दिया गया है। 11 मई को पट प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि सहभागिता कर प्रतियोगिता का आनंद लिया। इस दौरान आपने अपने संबोधन मे कहा कि पट जैसी प्रतियोगिताएं हमारी ग्रामीण संस्कृति और मिट्टी की महक से जुड़ी है।


